पत्रांकः 04 / NULM–35 / 2016 / ...2774... / न0वि0एवंआ0वि0

बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग।

प्रेषक,

चैतन्य प्रसाद (भा0प्र0से0)
प्रधान सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

सेवा में,

प्रधान सचिव
सहकारिता विभाग।

पटना, दिनांक– 27/11/18

विषयः– DAY-NULM योजना के SM&ID घटक के अन्तर्गत गठित किये जा रहे स्वयं सहायता समूहों (SHGs) के क्षेत्र स्तरीय संगठनों (ALOs) के निबन्धन में तेजी लाये जाने के सम्बन्ध में।

प्रसंगः– विभागीय पत्रांक 22 दिनांक 18.01.2016.

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र का स्मरण किया जाय। प्रासंगिक पत्र के माध्यम से क्षेत्र स्तरीय संगठनों (ALOs) के निबंधन में तेजी लाने हेतु सभी प्रमंडलीय संयुक्त निबंधन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ को अपने स्तर से क्षेत्र स्तरीय संगठन के निबंधन हेतु निदेशित करने का अनुरोध किया गया था। परन्तु क्षेत्र स्तरीय संगठनों के निबंधन की प्रक्रिया काफी धीमी है। वर्तमान समय में राज्य के 140 नगर निकायों में 480 क्षेत्र स्तरीय संगठनों (ALOs) का गठन किया जा चुका है, जबकि केवल 69 क्षेत्र स्तरीय संगठनों (ALOs) का ही निबंधन हो पाया है।

अतः अनुरोध है कि जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ को अपने स्तर से क्षेत्र स्तरीय संगठन के निबंधन हेतु निदेशित किया जाय, जिससे योजना के कार्यो में प्रगति लायी जा सके और योजना के अधीन निर्धारित वार्षिक लक्ष्यों की प्राप्ति किया जा सके।

विश्वासभाजन

26/11/2018

प्रधान सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।